सूचना

आपको यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि ग्लोकल विश्वविद्यालय, सहारनपुर के द्वारा एक बहु विषयी शोध पत्रिका का प्रकाशन हिंदी में आई एस एस एन नंबर से हो रहा है। इसमें आप साहित्य ,सा0 विज्ञान, चिकित्सा शास्त्र , तकनीकी शास्त्र, आदि से संबंधित शोध पत्र भेज सकते हैं। इसमें प्रकाशन निशुल्क है,परंतु रिव्यू कमेटी द्वारा चयनित प्रपत्र ही स्वीकृत होंगे। अपने शोध पत्र निम्नलिखित ईमेल आईडी पर भेजें
glocal.drishti@theglocaluniversity.in

ग्लोकल दृष्टि जनरल में शोध पत्र प्रकाशित होने हेतु नियम/निर्देश

1. ग्लोकल दृष्टि मूल रूप से लिखे गए शोध पत्रों का स्वागत करता है।शोध पत्र 6000 से 8000 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए । यह पृष्ट के एक तरफ टाइप होना चाहिए। पंक्तियों के बीच दोहरी जगह के साथ पृष्ठ के चारों तरफ बराबर हासिया होना आवश्यक है। शोध पत्र के साथ 250 से 300 शब्दों का सामान्य सारांश भी संलग्न होना चाहिए।
2. शोध पत्र माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में टाइप करके ईमेल द्वारा संलग्न के रूप में glocal.drishti@theglocaluniversity.in पर भेजा जाना चाहिए। लेख के अक्षर कृतिदेव 011 में होने चाहिए । किसी अन्य लिपि में टाइप किया हुआ लेख स्वीकार्य नहीं होगा।
3. लेख के उद्धरण के लिए कृपया लेखक दिनांक की प्रक्रिया को अपनायें। उदाहरण के लिए (चौहान 2002)। यदि किसी लेखक के एक से अधिक लेखों का उदाहरण दिया जा रहा है तो कृपया प्रकाशन के वर्षों को अल्पविराम द्वारा अलग करें ,जैसे (सिंह 1995 ,1999) उद्धरण के पृष्ठ संख्या को कोलन का प्रयोग कर अलग लिखे , जैसे (मुखर्जी 1995 : 244) यदि एक से अधिक पृष्ठों का उदाहरण लिया जा रहा है तो पृष्ठ संख्याओं को हायफन का प्रयोग कर लिखे ,जैसे (दूबे 1995 ,244- 344) । जब एक से अधिक लेखकों का उद्धरण दिया जा रहा हो तो भिन्न लेखकों को कालक्रम के हिसाब से समीकोलन द्वारा अलग करके लिखें,जैसे (दूबे 1995; मिश्रा 2005; नारायण 2008)। तीन से अधिक लेखकों को उद्धृत करने के लिए पहले नाम के बाद और अन्य का प्रयोग करें, जैसे (हेल्ड और अन्य, 2010) ।अगर राजपत्र रिपोर्ट और सरकारी संस्थाओं के या किसी अन्य संगठन के कार्यों को उद्धृत करना है तो जिस संस्था /संगठन ने प्रकाशन को प्रायोजित किया हो उसका पूरा नाम लिखें ,जैसे (दिल्ली सरकार 2010) और इन्हें फिर से बाद के प्रसंग में उद्धृत करना हो तो संस्था /संगठन के नाम का शब्द संक्षेप या लघुरूप लिखे जैसे (दि. स .2010)
4. लेख में प्रयोग में लाए हुए पुस्तकों का विस्तृत विवरण बाद में अलग से संदर्भ ग्रंथ सूची में इस क्रम में लिखें
   (क) लेखक का नाम ; प्रकाशन वर्ष; लेख का शीर्षक;(इनवर्टेड कोमा में); शोध पत्रिका का नाम (इटैलिक में);और वॉल्यूम संख्या, अंक संख्या और प्रारंभ और अंत के पृष्ठ संख्या।
   (ख) संपादित पुस्तकों/ कार्यों में अध्याय ; लेखक का नाम; प्रकाशन वर्ष ;अध्याय का शीर्षक (इनवर्टेड कोमा में); संपादक का नाम पुस्तक का वर्ष (इटैलिक में),अध्याय का शीर्षक (इनवर्टेड कोमा में)अध्याय के प्रारंभ और अंत के पृष्ठ संख्या ; प्रकाशन का स्थल ; प्रकाशन का वर्ष; प्रकाशन का नाम ।संदर्भों की सूची में पहले लेखक के उपनाम के वर्ण क्रमानुसार रूप से लिखा जाना चाहिए।
5. ग्लोकल दृष्टि एंड नोट्स स्वरूप का अनुकरण करता है जो इस प्रकार है :उन सभी व्याख्यात्मक टिप्पणियों को एक साथ क्रमबद्ध करें जिस क्रम में उन्हें मुख्य लेख में उल्लेखित किया गया है(क्रमांक के आधार पर सुपर स्क्रिप्ट का प्रयोग करके) एवं उन्हें लेख अंत में संदर्भ ग्रंथ सूची के पहले रखें। एंडनोट्स को संदर्भ ग्रंथ सूची में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए ।
6. तालिका चार्ट नक्शे आंकड़े आदि लेख के अंत में अलग से रखा जाना चाहिए इन्हें अंको का प्रयोग कर उपयुक्त शीर्षक कैप्शन के साथ क्रमानुसार रखें । लेख में उन्हें अंकों द्वारा सूचित करें जैसे- सारणी 5, नक्शा 1आदि, न कि उनके स्थान पर सारणी के ऊपर या चित्र के नीचे आदि ।
7. अन्य कार्यों के लिए शब्द या वाक्य को एकल उद्धरण कॉमा के भीतर रखें । डबल उद्धरण कॉमा का उपयोग केवल कोटेशन के भीतर ही करें । यदि कोटेशन 50 शब्दों से अधिक हो तो उसे मुख्य टेस्ट से

अलग लिखे एवं उन्हें पृष्ठ के बाएं तरफ रखें जब तक कि पूरा वाक्य उद्धरण का हिस्सा ना हो तो विराम चिन्ह उद्धरणचिह्न के बाहर ही रखना चाहिए ।

8. 99 तक के अंकों के शब्दों में लिखे। 100 या उससे ऊपर के अंकों को आंकड़ों में लिखें ,हालांकि कुछ जगहों पर आंकड़ों का प्रयोग किया जाना चाहिए , जैसे - दूरी 3 किलोमीटर ,उम्र 32 वर्ष, प्रतिशत 64% और वर्ष 1995 आदि ।
9. शोध पत्र प्रदाता को अपने लेख के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम पद , आधिकारिक पता और ईमेल भेजना आवश्यक है उन्हीं लेखो के प्रकाशन पर विचार किया जाएगा जिन्हें पहले कभी प्रकाशित नहीं किया गया हो या जिन्हें किसी अन्य जगहों पर प्रकाशन के लिए न दिया गया हो।
10. अगले अंक हेतु शोध पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 है

डॉ शोभा त्रिपाठी
प्रधान सम्पादक
ग्लोकल दृष्टि
9454045098